PRESS RELEASE 07.07.2023

# प्रेस विज्ञप्ति

## एसएलबीसी पुडुचेरी ने क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया

**पुडुचेरी, 7 जुलाई, 2023:** स्टेट लेवल बैंकर्स कमिटी (एसएलबीसी), पुडुचेरी ने आज पुडुचेरी में 'क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम' का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का लक्ष्य केन्द्र शासित प्रदेश में पर्यटन, कृषि, मत्स्य-ग्रहण (फिशिंग), शिक्षा, आदि जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके विभिन्न वित्तीय सेवाओं तक पहुँच को आसान बनाना था।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री माननीय श्रीमती निर्मला सीतारमण ने की। पुडुचेरी के माननीय उप राज्यपाल डॉ. तामिलीसाई सौंदरराजन, पुडुचेरी के माननीय मुख्यमंत्री श्री एन. रंगास्वामी, माननीय स्पीकर श्री आर सेलवम, माननीय गृह मंत्री श्री ए नमाशिवायम, माननीय सार्वजनिक कार्य मंत्री श्री के लक्ष्मी नारायणन, माननीय कृषि मंत्री श्री सी ज्याकौमार, माननीय परिवहन मंत्री श्रीमती एस चंदिरा प्रियांगा, माननीय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री श्री साई जे सरवनन, माननीय सांसद श्री एस सेल्वागनाबाथी और श्री वी वैथिलिंगम, कालापेट के माननीय विधायक श्री पीएमएल कल्याणासुंदरम, डीएफएस के सचिव श्री विवेक जोशी, केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिव श्री राजीव वर्मा, एसएलबीसी पुडुचेरी के चेयरमैन और इंडियन बैंक के एमडी एवं सीईओ श्री एस एल जैन, सिडबी के सीएमडी श्री सिवासुब्रमण्यिन रमन और पुडुचेरी के जिलाधीश श्री ई. वल्लावन ने कार्यक्रम में शिरकत की।

विभिन्न शासकीय योजनाओं, जैसे कि पीएमईजीपी, पीएम स्वनिधि, पीएमएफएमई और मुद्रा, आदि के तहत 2628 करोड़ रूपये लगभग 1.42 लाख लाभार्थियों को स्वीकृत किये गये, जोकि पुडुचेरी, कराइकल, माहे और यानम से थे। इनमें से कुछ लाभार्थियों को आयोजन के दौरान स्वीकृत चेक सौंपे गये और इस कार्यक्रम में 8000 से ज्यादा लोग मौजूद थे।

पुडुचेरी के इंडियन बैंक, एसएलबीसी कन्वेनर और लीड बैंक ने अपनी सीएसआर पहलों के अंतर्गत अक्षय पात्र फाउंडेशन को एक खाद्य आपूर्ति वाहन सौंपा, ताकि पीएम पोषण अभियान के कार्यान्वयन को सहयोग मिल सके और साथ ही पुडुचेरी के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवा निदेशालय को 5 डिफाइब्रिलेटर्स भी सौंपे गये। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने भी आज एक मोबाइल एटीएम वैन को झंडी दिखाई।